# कार्यालय–प्रभागीय वनाधिकारी,
## तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

निकट विकास भवन रूद्रपुर, कोषागार, रूद्रपुर, उत्तराखण्ड। फोन व फैक्स–05944 250080, Email-dfotaraicentral@rediffmail.com

पत्रांक 1844/ 12–1 रूद्रपुर. दिनांक 04/12/.2024

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण निर्माण विभाग,
प्रखण्ड–नैनीताल।

**विषय :– जनपद–नैनीताल के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र लालकुंआ में तराई केन्द्रीय वन प्रभाग के हल्दूचौड़ में एन0एच0 87 एवं रेल पटरी के मध्य क्रियाशाला संस्कार स्थल के निर्माण हेतु 0.063 है0 वन भूमि ग्रामीण निर्माण विभाग को गैर वानिकी कार्यो हेतु प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में।**

संदर्भः– आपका पत्रांक 1896/ग्रा0नि0वि0 /04–प्रा0/मा0मु0मं0घो0/2024–25 दिनांक 03.12.2024।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र में जनपद–नैनीताल के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र लालकुंआ के हल्दूचौड़ में एन0एच0 87 एवं रेल पटरी के मध्य क्रियाशाला संस्कार स्थल के निर्माण हेतु 0.063 है0 वन भूमि ग्रामीण निर्माण विभाग को गैर वानिकी कार्यो हेतु प्रत्यावर्तन के प्रस्ताव में उच्च स्तर से आपत्ति के क्रम में प्रस्तावित स्थल का मौके पर चिन्हिकरण का कार्य पूर्ण करने के सम्बन्ध में अवगत कराया है तथा वर्तमान में उगे नये वृक्षों की गणना हेतु प्रभागीय कार्यालय से सक्षम अधिकारी को नामित करने हेतु अनुरोध किया गया है।

उक्त के क्रम में इस वन प्रभाग द्वारा दिनांक 07.12.2024 व समय 11:00 am को वृक्षों की गणना करने हेतु संयुक्त सर्वेक्षण प्रस्तावित किया जाता है। प्रभाग स्तर से संयुक्त सर्वेक्षण में प्रतिभाग करने हेतु श्री आनन्द कुमार, वन क्षेत्राधिकारी, हल्द्वानी (दूरभाष नं0 9791005973) को नामित किया जाता है। संयुक्त सर्वेक्षण कार्य के लिए आप भी अपने स्तर से भी अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक अभिलेखों के साथ संयुक्त सर्वेक्षण में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

(उमेश चन्द्र तिवारी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर

*सं0 ...1844..... / ..12-1...... उक्तदिनांकित।*

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. उप प्रभागीय वनाधिकारी, हल्द्वानी, तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर।
2. वन क्षेत्राधिकारी, हल्द्वानी, तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर को निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को संयुक्त सर्वेक्षण में प्रतिभाग कर वृक्षों की गणना अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उप प्रभागीय वनाधिकारी, के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करें।

(उमेश चन्द्र तिवारी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर
उत्तराखण्ड वन विभाग

DFO(TC)/G.P./LAND TRANSFFER.Doc

Scanned with CamScanner